संचालनालय, आयुष, मध्यप्रदेश

("डी" विंग, सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004)

www-ayush.mp.gov.in
E-mail: jdayush@mp.gov.in

Office (0755) 2577762
Fax (0755)2760225

दिनांक 20/07/2023

–विज्ञप्ति–

शासकीय स्वशासी आयुष महाविद्यालयों मे रिक्त पदों की पूर्ति हेतु समूह 05 अंतर्गत पैरामेडिकल की संयुक्त भर्ती परीक्षा 2022 मे कर्मचारी चयन बोर्ड (ESB), भोपाल द्वारा दिनांक 06/01/2023 को जारी चयन (मैरिट) सूची अनुसार विभाग द्वारा नियुक्ति संबंधी कार्यवाही की गई है। मैरिट सूची अनुसार रिक्त पदों पर नियुक्ति आदेश जारी होने के उपरान्त रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही प्रतीक्षा सूची के माध्यम से की जायेगी।

शासकीय आयुष औषधालयों एवं चिकित्सालयों से संबंधित पदों की पूर्ति हेतु प्रतीक्षा सूची में स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को दिनांक 12/06/2023 से 14/06/2023 तक एवं **शाासकीय स्वशासी आयुष महाविद्यालयों** से संबंधित पदों की पूर्ति हेतु दिनांक 10/07/2023 से 12/07/2023 तक अभिलेख सत्यापन हेतु बुलाया गया था। ऐसे समस्त अभ्यर्थी जो उपरोक्त तिथियों में अनुपस्थित रहे है, उन्हें अभिलेख सत्यापन हेतु **अंतिम अवसर** प्रदान करते हुऐ **दिनांक 25.07.2023 से 26.07.2023** तक शासकीय स्वशासी यूनानी महाविद्यालय नेहरू नगर–कोलार बायपास रोड, चुनाभट्टी भोपाल में **समय 11.00 से सायं 5.00** बजे तक बुलाया जा रहा है। ऐसे अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी उपरोक्त तिथियों में उपस्थित होकर अभिलेख सत्यापन करा सकते है।

प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन नियुक्ति का आधार नही माना जावेगा। यह एक सामान्य प्रक्रिया है, जो नियुक्त अभ्यर्थी निर्धारित तिथि में अपने पदस्थापना स्थल पर उपस्थित नही होते है अथवा शेष पद रिक्तता की स्थिति में अभिलेख सत्यापन पश्चात पात्र अभ्यर्थियों को उनकी प्रतीक्षा मेरिट के आधार पर नियुक्ति हेतु विचार किया जा सकेगा।

अभिलेख सत्यापन हेतु उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों की सूची पूर्व से ही विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित है। इन अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुऐ अभिलेख सत्यापन हेतु बुलाया जा रहा है। अभिलेख सत्यापन की उपरोक्त तिथि समाप्त हो जाने के पश्चात् भी अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का कोई भी दावा स्वीकार नही किया जायेगा।

आयुक्त द्वारा अनुमोदित

Vand
20/07/23

(डॉ0 वंदना बोराना)
सहायक संचालक
आयुष संचालनालय म.प्र.